




# सरदार 150वीं यूनिटी मार्च का किया आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 12 नवम्बर।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जंयती अवसर पर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, माय भारत के माध्यम से प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में विकसित भारत पदयात्राएँ आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज श्योपुर जिला मुख्यालय पर सरदार/150 यूनिटी मार्च का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन सपंन्न हुआ, सोईकलां तक 11 किलोमीटर की इस पदयात्रा में बडी संख्या में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों, स्कूली विद्यार्थियों ने तिरंगा हाथ में लिये उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## वंदेमातरम गायन के साथ शुरू हुई पदयात्रा, एकता, अखण्डता की ली शपथ

यूनिटी मार्च का शुभारंभ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर से हुआ, जहां भारत माता के चित्र सहित लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके उपरांत वंदे मातरम का सस्वर सामुहिक गायन हुआ, इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा उपस्थितजनो को एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई गई। यात्रा का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया, इसके पूर्व कॉलेज परिसर में एक पेड मॉ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं रामलखन नापाखेडली, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र जाट, महामंत्री संजय अकोदिया, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी सेसईपुरा, दिनेश दुबोलिया, श्रीमती सरोज तोमर, हरनाथ देवरिया, मोनू सोनी, श्रीमती नेहा कुलश्रेष्ठ, श्रीमती कल्पना राठौर, लवली मीणा, सुमेर जादौन, मनीष नागौरी, जगदीश यादव, मेहरवान सिंह यादव, महावीर मीणा, कौशल शर्मा, विक्की बंसल, सुमित सिंहल, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, माय भारत के अधिकारी आशुतोष साहू सहित अन्य विभागों के अधिकारी, शिक्षकगण, एनसीसी, एनएसएस के छात्र, कॉलेज, स्कूलो के विद्यार्थी आदि मौजूद रहें।

**पदयात्रा का कई स्थानों पर हुआ भव्य स्वागत :** यूनिटी मार्च के दौरान सोईकलां तक निकली पदयात्रा का विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों एवं नागरिको द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पद यात्रियों पर पुष्पवर्षा की गई तथा माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

### रायपुरा की बावड़ी पर स्वच्छता कार्यक्रम

पदयात्रा के दौरान रायपुरा की प्राचीन बावडी पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस दौरान बावडी की साफ-सफाई की गई तथा बावडी का अवलोकन किया गया तथा ग्राम पंचायत की ओर से सभी का स्वागत किया गया। इसके पूर्व जाटखेडा पर अग्रसेन धर्मशाला परिसर में पदयात्रियों का पहला पडाव रहा, जहां जलपान की व्यवस्था रही।

### सोईकला में हुआ समापन कार्यक्रम

पदयात्रा का समापन सोईकलां में समारोहपूर्वक हुआ, इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट एवं मोनू सोनी द्वारा संबोधित किया गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश की एकता और अखण्डता बनाये रखने के लिए दिये गये योगदान पर विचार व्यक्त किये गये। समापन कार्यक्रम का संचालन राघवेन्द्र जाट द्वारा किया गया। इसके उपरांत सहभोज के साथ पदयात्रा का समापन संपन्न हुआ।

# न्यायोत्सव सप्ताह अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 12 नवम्बर।** म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन में एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में जनसाहस, ग्रामीण स्वावलंबन समिति एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर के संयुक्त तत्वाधान में न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह 2025 के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर की सचिव श्रीमती वर्षा सूर्यवशी मजूमदार द्वारा श्रमिक बस्ती एवं ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत भोजका में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर के सचिव श्रीमती वर्षा सूर्यवशी मजूमदार द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुये नालसा की स्कीम- आदिवासी के अधिकार व संरक्षण हेतु विधिक सहायता योजना, नालसा की स्कीम-तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिये विधिक सहायता योजना, नालसा की स्कीम- गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिये विधिक सहायता योजना, मनरेगा योजना (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना), लोकोपयोगी लोक अदालत, तथा नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 के बारे में समझाया गया।

इसी कम में जनसाहस, ग्रामीण स्वावलंबन समिति के जिला समन्वयक रामलखन प्रजापति द्वारा उपस्थित ग्रामीणजन को श्रमिकों के अधिकार व विधिक रूप से जागरूक करते हुये उन्हें बताया कि श्रम कानून का उद्देश्य श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है और उन्हें शोषण से बचाना है। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने के लिये श्रम विभाग और संबंधित न्यायालय होते है जहा पर श्रमिक अपनी शिकायत आसानी से दर्ज कर सकते है। साथ ही श्रमिकों के अधिकार समान वेतन स्वास्थ्य सुरक्षा भेदभाव से मुक्ति एवं मजदूर हेल्पलाईन नम्बर 18001201121 1 के बारे में भी बताया गया।

उक्त शिविर के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी श्योपुर योगेश बंसल, ग्राम पंचायत सरपंच संतराम आदिवासी ग्राम पंचायत सचिव दिलीप शिवहरे व रोजगार सहायक सतेन्द्र सिंह तोमर, जनसाहस, ग्रामीण स्वावलंबन समिति के जनसाथी जितेन्द्र गौड़, ग्राम पंचायत सरपंच सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।




# जनजागृति रथ को दिखाई हरी झंडी, गौरव दिवस 15 को

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 12 नवम्बर।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वी जयंती अवसर पर 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन प्रातः 11 बजे से शासकीय आदर्श आवासीय विद्यालय ढेगदा में किया जायेगा, इसी क्रम में आज पीजी कॉलेज श्योपुर परिसर में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवंबर को मनाये जा रहे जनजातीय गौरव दिवस पखवाडे के क्रम में जन जागृति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं रामलखन नापाखेडली, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र जाट, महामंत्री संजय अकोदिया, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी सेसईपुरा, दिनेश दुबोलिया, श्रीमती सरोज तोमर, हरनाथ देवरिया, मोनू सोनी, श्रीमती नेहा कुलश्रेष्ठ, श्रीमती कल्पना राठौर, लवली मीणा, सुमेर जादौन, मनीष नागौरी, जगदीश यादव, मेहरवान सिंह यादव, महावीर मीणा, कौशल शर्मा, विक्की बंसल, सुमित सिंहल, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहें।

सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री गुप्ता ने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में 1 नवंबर से 15 नवंबर तक जनजातीय गौरव पखवाडा आयोजित किया जा रहा है, इसी क्रम में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जायेगा, जन जागृति रथ के माध्यम से आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में आदिवासी जनजाति वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जायेगी।

# पर्यटन एक एहसास - कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट सीजन-2 का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 12 नवम्बर।** श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट की ओर से टेंट सिटी का नया सीजन शुरू होने जा रहा है। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से इवोक कैपिंग द्वारा संचालित यह लक्जरी ग्लैम्पिंग साइट 14 नवम्बर से पर्यटकों के स्वागत के लिए फिर से खुलने जा रही है।

## टूरिज्म देखने का नहीं, महसूस करने का रोमांच : एडीएम

इस संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि टूरिज्म देखने का नही, बल्कि महसूस करने का रोमांच है। उन्होने कहा कि कूनो जैसे पर्यटन स्थलों का विकास स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण है। पर्यटन केवल यात्रा नहीं, बल्कि एक एहसास है जो प्रकृति, संस्कृति और समुदाय को जोड़ता है। प्रशासन इस दिशा में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। कूनो फोरेस्ट रीट्रीट के क्लस्टर जनरल मैनेजर सौरव गुप्ता ने बताया कि कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट केवल एक ठहरने की जगह नहीं, बल्कि यह पर्यटन को एक एहसास देने का प्रयास है। यहाँ आने वाला हर अतिथि प्रकृति से एक आत्मीय जुड़ाव महसूस करता है। हमारा उद्देश्य केवल आराम और लक्जरी प्रदान करना नहीं, बल्कि संरक्षण और स्थानीय संस्कृति को अनुभव कराने का भी है। उन्होंने आगे कहा कि कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट में 25 लक्जरी टेंट बनाए गए हैं, जहाँ पर्यटक कूनो की समृद्ध जैव विविधता के बीच ग्लैम्पिंग का अनोखा अनुभव ले सकते हैं। यहाँ पर एक रात और दो रातों के पैकेज उपलब्ध हैं, जिनमें भोजन, सफारी और स्थानीय गतिविधियाँ शामिल हैं।



इवोक कैपिंग देशभर में अपने इको-फ्रेंडली और लक्जरी ग्लैम्पिंग अनुभवों के लिए प्रसिद्ध है। कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट के इस नए सीजन के साथ, श्योपुर जिले के पर्यटन मानचित्र पर एक बार फिर नई पहचान जुड़ने जा रही है।

### एक नजर में



**एनीमिया मुक्त भारत के अंतर्गत बहरावदा में कार्यक्रम आयोजित**

**श्योपुर, 12 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में एनीमिया मुक्त भारत अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में शासकीय प्राथमिक विद्यालय बहरावदा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना ने बच्चों से संवाद करते हुए आयरन की गोली के नियमित सेवन के लाभ बताए। उन्होने कहा कि आयरन की गोली बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी बच्चों को हर मंगलवार को नीली गोली और गुलाबी गोली नियमित लेनी चाहिए। इसके साथ ही आयरन युक्त खाद्य पदार्थ जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, दाले, अनार, चुकंदर और विटामिन सी से भरपूर खाध्य पदार्थ, खट्टे फल, टमाटर आदि का सेवन करना चाहिए तथा चाय, काफी और केल्सियम युक्त भोजन से बचे क्यों की ये आयरन के अवशोषण को बाधित करते है।

# आज मुक्तिबोध का जन्मोत्सव, होंगे कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 12 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा जिले में साहित्यक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढावा देने के उद्देश्य से दिये गये निर्देशो के क्रम में हिन्दी साहित्य के प्रमुख कवि, आलोचक, निबंधकार, कहानीकार तथा उपन्यासकार गजानन माधव मुक्तिबोध के जन्मदिवस 13 नवंबर के अवसर पर उनके जन्म स्थान श्योपुर में गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रूपेश उपाध्याय ने बताया कि गजानन माधव मुक्तिबोध की जन्मस्थली श्योपुर में उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 13 नवंबर को कृष्णा पैलेस श्योपुर में मुक्तिबोध के काव्य वैभव पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान विशिष्ट व्याख्यान माला, काव्य गायन एवं चित्र प्रदर्शनी का आयोजन होगा। प्रातः 10 बजे शुभारंभ सत्र एवं प्रातः 11 बजे व्याख्यान सत्र होंगे।

इसके उपरांत दोपहर 2.30 बजे काव्य गायन सत्र का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध गीतकार एवं लोकगायक दतिया विनोद मिश्र सुरमणी द्वारा काव्य गायन किया जायेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ हरि सिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आनंद प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही इंक मीडिया पत्रकारिता संस्थान सागर के निदेशक डॉ आशीष द्विवेदी तथा आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर में पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग के विभागाध्यक्ष जयंत तोमर एवं वरिष्ठ कथाकार रामवरन शर्मा मुरैना उपस्थित रहेंगे।

## राष्ट्रीय रेड क्लब ने किया गतिविधियों का आयोजन

**इंदरगढ़।** स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचकर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम महाविद्यालय से लेकर ग्राम कुठोदा तक स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकली गयी । कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए रैली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंदरगढ़ में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं रेड रिबन क्लब के छात्राओं ने चिकित्सा टीम द्वारा अपना.अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया इसके साथ.साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित पार्कों की साफसफाई भी की गई । कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉण् निलय गोस्वामी द्वारा छात्रों के किए गए कार्य की सराहना की । कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुकेश कुमार मौर्य द्वारा छात्र.छात्राओं के लिए स्वल्प में आहार की व्यवस्था की गयी। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय स्टाफतथा 45 से 50 स्वयंसेवक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रत्येक मतदाता को उपलब्ध कराएं गणना फार्म

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 12 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। जिसके तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना फार्म का वितरण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रत्येक मतदाता को गणना फार्म उपलब्ध कराये जाये और भरे हुए फार्म 4 दिसंबर तक वापस लिये जायें। इस कार्य की गंभीरतापूर्वक निगरानी बीएलओ सुपरवाईजर द्वारा की जाये। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बीएलओ सुपरवाईजर की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

## बीएलओ सुपरवाईजर की बैठक आयोजित



इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन, एसडीएम गगन सिंह मीणा, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा सहित श्योपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ सुपरवाईजर उपस्थित थे। इसके साथ ही विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ सुपरवाईजर वर्चुअली माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने कहा कि बीएलओ द्वारा वर्ष 2003 में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य भी इस दौरान किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा दिए जा रहे गणना पत्रक में सही-सही जानकारी अंकित कराई जायें, यदि फॉर्म भरने में कोई समस्या आए तो अपने बीएलओ के माध्यम से सहयोग प्रदान किया जाये। बीएलओ सुपरवाईजर उक्त कार्य की मॉनीटरिंग नियमित रूप से करें तथा फील्ड में जाकर कार्य का निरीक्षण करें। नगरीय क्षेत्रो में गणना फर्म भरने एवं वितरण तथा संग्रहण में बीएलओ का सहयोग करने के लिए वार्ड वार प्रभारी भी नियुक्त किये गये है, इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं सुपरवाईजर को उक्त कार्य में सहयोग के लिए निर्देश जारी किये गये है।

उन्होने जानकारी दी कि श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 329 एवं विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 326 बीएलओ द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है, इसके लिए श्योपुर में 33 एवं विजयपुर में 32 बीएलओ सुपरवाईजर भी नियुक्त किये गये है।

# लाड़ली बहना योजना की 30वीं किस्त की राशि का अंतरण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 12 नवम्बर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज सिवनी जिले में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम के माध्यम से 30वी किस्त के रूप में प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण किया गया।

इस माह लाडली बहनाओं को 1500-1500 रूपये की राशि बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त हुई है। अब हर माह लाडली बहनाओं को 1500-1500 रूपये की राशि मिलेगी।



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले की 01 लाख 8 हजार 651 लाडली बहनाओं को उनके बैंक खाते में 1500-1500 रूपये की राशि प्राप्त हुई। श्योपुर की लाडली बहनाओं को माह नवंबर के लिए कुल 16 करोड 4 लाख 79 हजार 100 रूपये की राशि अंतरित की गई।

योजना के तहत श्योपुर जिले में कुल 1 लाख 8 हजार 651 बहनों को लाभ मिला है। नगरपालिका श्योपुर क्षेत्र की 11 हजार 756, नगर परिषद बडौदा क्षेत्र की 3393, नगर परिषद विजयपुर क्षेत्र की 2821, जनपद पंचायत क्षेत्र श्योपुर की 43 हजार 839, जनपद पंचायत कराहल क्षेत्र की 11 हजार 623 तथा जनपद पंचायत विजयपुर क्षेत्र की 35 हजार 219 लाडली बहनाओं को यह राशि प्राप्त हुई है।

# इको क्लब प्राकृतिक पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण की प्रेरणा

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 12 नवम्बर।** शासकीय महाविद्यालय के इको क्लब के छात्र.छात्राओं ने इंदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर की साफसफाई की तथा स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित जन समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाते हुए परिसर को स्वस्थ व हरा भरा रखने की प्रेरणा दी।

इको क्लब प्रभारी डॉण्शबाना ने इस कार्य में वृक्षारोपण जल संरक्षण अपशिष्ट प्रबंधन रीसाइक्लिंग और विभिन्न माध्यमों से पर्यावरण शिक्षा को छात्र.छात्राओं में विस्तार से व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निलय गोस्वामी ने कहा की इको क्लब का मुख्य उद्देश्य छात्रों में प्राकृतिक पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना तथा उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धता पैदा करना है। श्री राघवेंद्र यादव स्पोट्र्स ऑफिसर ने कहा कि एक क्लब एक शैक्षिक समूह है जो छात्रों को उनके पर्यावरण के बारे में सीखने को बढ़ावा देता है। इस स्वच्छता कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉण्मुकेश मौर्य ए श्री हरविलास जाटव एबंटी बघेलए दुष्यंत कर्ण सहित 25 से अधिक छात्राओं ने भाग लेकर अपना श्रम सहित योगदान दिया।

